राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# राज्यपाल ने रुद्रांश खंडेलवाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

जयपुर, 19 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने राजस्थान के पैरा शूटर रुद्रांश खंडेलवाल का अर्जुन पुरस्कार के लिए चयन होने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

राज्यपाल ने कहा कि रुद्रांश खंडेलवाल ने अपने खेल प्रदर्शन से राजस्थान को गौरवान्वित किया है। उन्होंने रुद्रांश से प्रेरणा लेकर खेलों में राजस्थान को हर क्षेत्र में अग्रणी करने का आह्वान किया है।

———